BOARD OF SECONDARY EDUCATION, RAJASTHAN AJMER

## FOR CONFIDENTIAL PRINTERS

**NOTICE INVITING INFORMATIONS REGARDING CONFIDENTIAL PRINTING WORKS**

Notice inviting information's from reputed Security Printing Organization for confidential Printing.

Details of information to be sent by organizations may be seen on website of the Board https://rajeduboard.rajasthan.gov.in

Secretary

# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर

**Website - https://rajeduboard.rajasthan.gov.in**

दिनांक 19-8-2026

गोपनीय छपाई (यथा प्रश्न पत्र मुद्रण आपूर्ति आदि) हेतु सालाना 10 करोड़ रूपये से अधिक टर्न ओवर वाले मुद्रणालयों से जानकारी आमंत्रित करने संबंधी सूचना।

ख्याति प्राप्त गोपनीय मुद्रण कार्यों में व्यवसायरत् प्रतिष्ठानों से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की 10वीं, 12वीं, प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय तथा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली कुछ अन्य परीक्षाओं (यथा STSE, NTSE, महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा तथा राजस्थान स्टेट ओपन परीक्षा) के प्रश्न पत्रों की गोपनीय छपाई व जिला स्तर तक परिवहन का कार्य करवाया जाता है।

इसके लिए प्रेस के चयन के क्रम में प्रथम चरण में जो प्रेस इस कार्य में 10 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत है तथा जिनका पिछले पांच साल का वार्षिक टर्न ओवर वर्षवार 10 करोड़ रूपये से अधिक है उनसे निम्न सूचनाऐं *दिनांक 18.09.2026* तक आमंत्रित हैं (सूचनाऐं गोपनीय रखी जायेंगी)

**अधोलिखित सूचनाऐं मात्र फर्म्स की शॉर्ट–लिस्टिंग के लिए काम में ली जायेंगी। शॉर्ट लिस्टेड फर्म्स से दरें अलग से आमंत्रित की जायेंगी।**

1. फर्म का नाम – पता व स्वामित्व विवरण (ई मेल आई.डी सहित पूर्ण विवरण)।
2. फर्म/कम्पनी के रूप में आदिनांक पंजीयन प्रमाण पत्र।
3. फर्म/कम्पनी का पिछले 05 साल का चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वर्षवार वार्षिक टर्न ओवर।
4. फर्म/कम्पनी का गत पिछले 05 साल का वर्षवार चुकाए आयकर, वाणिज्य कर, सेवा कर का प्रमाण विवरण (GST आदि का पूर्ण विवरण)।
5. प्रेस कितने वर्षों से इस कार्य में कार्यरत है। गत तीन वर्ष में गोपनीय मुद्रण कार्य सम्पादन का विवरण (मुख्य रूप से गोपनीय कार्य की वर्षवार राशि एवं प्रश्न पत्रों की संख्या (बोर्ड/विश्वविद्यालय के विवरण सहित)।
6. पिछले 10 वर्षों में कितने शिक्षा बोर्ड व अन्य राज्य स्तरीय सर्विस आयोगों के लिए यह कार्य करते रहे है।
7. क्या प्रिटिंग प्रेस आधुनिक कम्प्यूटराईज, स्वचालित है, कौन–कौनसे कार्य स्वचालित तरीके से होते है, तथा कौन–कौन से कार्य हाथ से किये जाते है ?
8. 1) प्रेस के पास हिन्दी, अंग्रेजी, सिंधी, गुजराती, पंजाबी, संस्कृत व अन्य भाषाओं के मैनुस्क्रीप्ट से शुद्ध टंकण की क्या व्यवस्था है।
   2) प्रेस के पास हिन्दी, अंग्रेजी, सिंधी, गुजराती, पंजाबी, संस्कृत व अन्य भाषाओं के प्रश्न पत्रों की प्रूफ रीडिंग की क्या व्यवस्था है।
   3) प्रेस के पास परीक्षा केन्द्रवार संख्यानुसार प्रश्न पत्रों की छंटनी व पैकेजिंग की क्या व्यवस्था है।
   4) प्रश्न पत्रों पर नम्बरिंग की क्या व्यवस्था है।
   5) प्रेस के पास केन्द्रवार–प्रश्न पत्रवार बने पैकेट्स को किस प्रकार के लिफाफों में रखने की व्यवस्था है।
   6) प्रेस के पास इन लिफाफों के सीलिंग की क्या वर्तमान व्यवस्था है। क्या प्रेस के पास ट्रेडिशनल वैक्स सीलिंग के स्थान पर वैक्यूम लिफाफों की व्यवस्था है या कर सकती है?

7) प्रेस के पास इन सील्ड लिफाफों को परीक्षा केन्द्रवार जमाकर पूर्वतः नए कोरूगेटेड बॉक्स में रखने व पैकेजिंग की क्या व्यवस्था है।

8) उपरोक्त कार्य हेतु उपलब्ध मशीनों/उपकरण का विवरण।

9) प्रेस की सिक्यूरिटी की क्या व्यवस्था है।

9. प्रेस के पास प्रश्न पत्रों के राज्य के विभिन्न जिलों में सुरक्षित रूप से पहुंचाने हेतु परिवहन की क्या व्यवस्था है ?

10. प्रेस के मुख्यालय के अतिरिक्त ओर कौन–कौन से प्रांत में कार्यालय है।

11. क्या प्रेस मल्टीपल प्रश्न पत्रों का एक साथ ABCD के क्रम में छपाकर ऑटोमेटिक तरीके से उन्हें ABCD-ABCD-ABCD के क्रम में जमाने Jumbling कर मुद्रण की क्षमता रखती है?

12. प्रेस के पास इन समस्त कार्यों की गोपनीयता बनाए रखने की क्या व्यवस्था है।

13. क्या प्रेस/फर्म स्तर से गोपनीयता भंग होने की स्थिति में प्रेस/फर्म जीरो प्रतिशत भुगतान की शर्त मानने को तैयार है अथवा प्रेस स्तर से गोपनीयता भंग होने की स्थिति में बोर्ड अध्यक्ष/प्रशासक को क्षतिपूर्ति निर्धारण का अधिकार देने को तैयार है?

14. क्या प्रेस निविदा शर्तों के उल्लंघन के लिए अध्यक्ष/प्रशासक बोर्ड को क्षतिपूर्ति निर्धारण का पूर्ण अधिकार देने को तैयार है ?

15. अन्य प्रमाणित सूचनाएं जो प्रेस अपने मामले के विचारार्थ देना चाहे।

16. प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे कि प्रेस गोपनीय (प्रश्न पत्र मुद्रण) कार्य ही करती है व इसी कार्य से सूचिबद्ध है।

17. प्रेस किसी भी संस्था/बोर्ड/सरकार से (ब्लैक लिस्टेड) विवर्जित नहीं है।

**विशेष नोट** :–

उपरोक्त सूचनाएं (उपरोक्तानुसार क्रमवार एवं बिन्दुवार मय दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के) तथा प्रेस के संबंध में अन्य समस्त आवश्यक जानकारी इच्छुक प्रेस तीन सील्ड कवरों में नीचे उल्लेखित पते पर पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिशः रूप से उपस्थित होकर सीलबंद लिफाफे में दिनांक 18-9-2026 तक प्रेषित करें। **निर्धारित अवधि के पश्चात् तथा अधूरी प्राप्त सूचनाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।**

**उपरोक्त सूचनाएं तीन लिफाफों जिसमें** :–

सबसे बाहरी कवर/लिफाफे पर भेजने वाले का छद्म नाम व छद्म पता होना चाहिये तथा उपरोक्त सूचना का लिफाफा प्रेस के कार्यालय से कम से कम 200 किलोमीटर दूर के पोस्ट ऑफिस से पोस्ट किया जावें।

दूसरे कवर/लिफाफे पर पहले से भिन्न छद्म नाम, छद्म पता होना चाहिये।

तीसरे कवर/लिफाफे पर भेजने वाले का सही नाम व पता होना चाहिये। इस कवर के अन्दर उपरोक्त जानकारी, अन्य जानकारियां जो प्रेस को देनी चाहिये, वे रखी जावे।

**पता**

| | |
|---|---|
| राजेश निर्वाण,<br>प्लॉट नं. 20, गली नं. 2,<br>गांधीनगर के पास, नाका मदार<br>अजमेर (राजस्थान) 305001 | **RAJESH NIRWAN<br>PLOT NO. 20, GALI NO. 02,<br>NEAR GANDHI NAGAR, NAKA MADAR,<br>AJMER (RAJASTHAN) 305001** |